भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1746
गुरूवार, 3 अगस्त, 2023/12 श्रावण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन के विकास हेतु केरल को सहायता

1746 श्री प्रकाश जावडेकर:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) केन्द्र सरकार द्वारा केरल में पर्यटन के विकास के लिए केरल को दी गई केन्द्रीय सहायता का ब्यौरा क्या है; और

(ख) केरल में पर्यटन के विकास के लिए कौन-कौन सी नई योजनाएं प्रस्तावित हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): पर्यटन मंत्रालय द्वारा राज्य में पर्यटन विकास के लिए केरल राज्य को प्रदान की गई केन्द्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

(ख): पर्यटन मंत्रालय ने 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)' की संशोधित योजना के तहत सतत और जिम्मेदार पर्यटन स्थलों के रूप में विकास हेतु केरल में 'कुमारकोम' और कोझिकोड (बेपोर)' को अभिज्ञात किया है।

****

अनुबंध

पर्यटन के विकास हेतु केरल को सहायता के सम्बन्ध में दिनांक 03.08.2023 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं 1746 के भाग (क) के उत्तर में विवरण

पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के तहत स्वीकृत परियाजनाओं की सूची

(लाख रु. में)

क्र. सं.	वर्ष	राज्य	परियोजना का नाम	एजेंसी	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि	स्थिति
1.	2016-17	केरल	विलिंगडन द्वीप, कोच्चि, केरल में वॉकवे/प्रोमेनेड का विकास।	कोच्चि पोर्ट ट्रस्ट	901.00	826.59	पूर्ण
2.	2016-17	केरल	एर्नाकुलम घाट के बर्थ और बैकअप क्षेत्र के उन्नयन के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता	कोच्चि पोर्ट ट्रस्ट	2141.00	1912.80	पूर्ण
3.	2016-17	केरल	भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा साई त्रिवेंद्रम गोल्फ क्लब में गोल्फ कोर्स के उन्नयन के लिए परियोजना	भारतीय खेल प्राधिकरण	2464.99	1232.49	परियोजना बंद कर दी गई है।
4.	2018-19	केरल	कोच्चि पोर्ट क्रूज टर्मिनल में अवसंरचना का विकास करना।	कोच्चि पोर्ट ट्रस्ट	120.79	114.17	पूर्ण
5.	2018-19	केरल	कोच्चि पोर्ट ट्रस्ट वॉकवे पर अतिरिक्त पर्यटन सुविधाओं का निर्माण	कोच्चि पोर्ट ट्रस्ट	466.47	466.47	पूर्ण
6.	2019-20	केरल	नए कोच्चि पोर्ट ट्रस्ट टर्मिनल में अतिरिक्त अवसंरचना के विकास के लिए सीएफए	कोच्चि पोर्ट ट्रस्ट	1029.70	888.62	पूर्ण

''आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार योजना'' (डीपीपीएच) के तहत मेलों और महोत्सवों की सूची

(लाख रु. में)

वर्ष	मेले और महोत्सवों के नाम	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि
2015-16	अखिल भारतीय शिल्प महोत्सव "सरगोलसाव"	12.50	12.50
2016-17	64वीं नेहरू ट्रॉफी बोट रेस	25.00	25.00
	प्रेसिडेंट्स ट्रॉफी बोट रेस, कोल्लम	25.00	25.00
2017-18	होम स्टे तथा ग्रामीण पर्यटन यात्रा सम्मेलन,एर्नाकुलम प्रेजिडेंट ट्राफी बोट रेस	35.00	35.00

2018-19	66वीं नेहरू ट्रॉफी बोट रेस	25.00	25.00
	सरगालय अंतर्राष्ट्रीय कला और शिल्प महोत्सव	25.00	25.00
2019-20	केरल होम स्टे एंड टूरिज्म सोसाइटी द्वारा होम स्टे और ग्रामीण पर्यटन यात्रा पर संगोष्ठी	10.00	10.00
	67वीं नेहरू ट्रॉफी बोट रेस	25.00	25.00
	9वां सरगालय अंतर्राष्ट्रीय कला और शिल्प महोत्सव	15.00	15.00
2022-23	सरगालय कला और शिल्प महोत्सव	25.00	25.00

स्वदेश दर्शन योजना के तहत केरल में स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा निम्न है:-

(करोड़ रु. में)

परिपथ/स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि
इको परिपथ 2015-16	पत्तनमतिट्टा - गावी - वागामोन – तेक्कडी का विकास	64.08
आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	सबरीमाला - एरुमेली - पंपा - सन्नीधानम का विकास	54.88
आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	श्री पद्मनाभ मंदिर, अर्नामुला का विकास	78.08
ग्रामीण परिपथ 2018-19	मलानाड, मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास	57.35
आध्यात्मिक परिपथ 2018-19	सिवागिरि श्री नारायण गुरु आश्रम - अरुवीपुरम - कुन्नुमपारा श्री सुब्रामणिया - चेंबाझांती श्री नारायण गुरुकुलम का विकास	66.42

प्रसाद योजना के तहत केरल में स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा निम्न है:-

(करोड़ रु. में)

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	क्र. सं.	परियोजना का नाम	संस्वीकृति वर्ष	अनुमोदित लागत	जारी की गई राशि	भौतिक प्रगति
केरल	1.	गुरुवायूर मंदिर का विकास**	2016-17	45.19	45.19	100%

**परियोजना पूर्ण हो गई है।

पर्यटन मंत्रालय द्वारा प्रायोजित होटल प्रबंध संस्थान (आईएचएम) और खाद्य शिल्प संस्थान (एफसीआई) की सूची

राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	संस्थान का नाम	स्थिति
केरल	केन्द्रीय होटल प्रबंध संस्थान तिरुवंतपुरम	प्रचालन में

	राज्य होटल प्रबंध संस्थान कोझिकोड	प्रचालन में
	राज्य होटल प्रबंध संस्थान कोट्टयम	जारी

****